


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 17 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 150 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# पुलिस से भिड़े कांग्रेसी

## मनरेगा की बहाली के लिए लखनऊ में कांग्रेस का हल्लाबोल

● विधानसभा घेराव के लिए निकले कार्यकर्ताओं को कार्यालय के बाहर ही रोका गया

● प्रदेश के कई जिलों से राजधानी पहुंचे कांग्रेसी

● जिलाध्यक्ष समेत 300 से ज्यादा नजरबंद



**लखनऊ।** विधानसभा घेराव के लिए निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने प्रदेश कार्यालय के बाहर ही रोक लिया। धक्का-मुक्की के बाद चौराहे पर बैरिकेडिंग कर सभी को घेरा गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें नीचे उतारा। विधानसभा जाने की जिद पर नेता धरने पर बैठ गए, इको गार्डन ले जाने की तैयारी। दरअसल, अजय राय ने सोमवार को मनरेगा और शंकराचार्य मुद्दे को लेकर विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। इस समय विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है। इसे देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। मनरेगा और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर रही है, जिसे देखते हुए कई बड़े नेताओं को नजरबंद किया गया है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राजधानी लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने के लिए कूच कर रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई। कांग्रेसी कार्यकर्ता पीछे हटने को तैयार नहीं थे। इधर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे प्रदर्शन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, नेता विधानमंडल कांग्रेस आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी समेत कई सांसद, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हैं. प्रदेश भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे हैं।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## अपनी मर्जी से संबंध बनाना दुष्कर्म नहीं माना जा सकता

● आरोपित नीरज व अन्य के खिलाफ केस रद



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यह कहते हुए कि अगर महिला ने स्वेच्छा से संबंध बनाए हैं तो इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता, आरोपित नीरज कुमार व अन्य के खिलाफ केस रद कर दिया है। कोर्ट ने कहा, याची ने पीड़िता की कोई फोटो वायरल नहीं की। पीड़िता वाट्सएप चैट में गाइडेंस लेती रही। फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करने का आरोप नहीं बनता। न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की एकल पीठ ने कहा, अगर महिला ने शुरुआत से ही शादी के वादे को झूठा माना था तो उसने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई होती, लेकिन एक साल तीन महीने तक ऐसी शिकायत नहीं की। यह इस बात का संकेत है कि उसने स्वेच्छा से संबंध बनाए थे। पीड़िता के बयान में विरोधाभास है। पहले उसने कहा है कि आरोपित के साथ संबंध बनाए थे, लेकिन बाद में उसने कहा कि उसने दबाव में आकर संबंध बनाए थे। यह समझना मुश्किल है कि एक विवाहित महिला इतने लंबे समय तक आरोपित के साथ संबंध कैसे बना सकती है, अगर वह वास्तव में दबाव में थी। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के प्रशांत बनाम दिल्ली राज्य 2024 फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि अगर दो लोग लंबे समय तक संबंध बनाते हैं, तो यह समझना मुश्किल है कि एक पक्ष दबाव में था। अदालत ने कहा है कि इस मामले में भी ऐसा ही हैं।

## न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्डकप के सुपर-8 में पहुंचा : कनाडा को 8 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप 2026 में सुपर-8 में पहुंचने की जंग रोमांचक हो चली है। हालांकि, पहले की तुलना में इस विश्वकप में ज्यादा उलटफेर देखने को नहीं मिले हैं, लेकिन फिर भी एक-दो कागज पर कमजोर दिखने वाली टीमों ने मजबूत खेल दिखाया है। भारत समेत अब तक कुल पांच टीमों ने सुपर-आठ के लिए क्वालिफाई कर लिया है, वहीं पांच टीमें रेस से बाहर हो चुकी हैं। अब सुपर-आठ में खाली तीन स्थान के लिए 10 टीमों के बीच टक्कर है। न्यूजीलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 31वें मुकाबले में कनाडा को 8 विकेट से हराकर सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कनाडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 20 ओवर में 4 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम ने 15.1 ओवर में सिर्फ 2 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। फिलिप्स-रचिन के अर्धशतक 174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए नाबाद 146 रन की साझेदारी हुई।

## पहले कुरान पढ़ी गई फिर बांग्लादेश के नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ

**ढाका।** बांग्लादेश की 13वीं नेशनल पार्लियामेंट के नवनिर्वाचित सदस्यों ने मंगलवार को नेशनल पार्लियामेंट के साउथ प्लाजा में शपथ ली। सुबह करीब 10:42 बजे (स्थानीय समयानुसार) मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने सांसदों को शपथ दिलाई। बांग्लादेशी मीडिया प्रथोम ओलो के मुताबिक, यह शपथ ग्रहण समारोह कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित हुआ, जिसमें 1,000 से ज्यादा स्थानीय और विदेशी मेहमान शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह से पहले कुरान पढ़ी गई। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन निर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान और उनके शुरुआती मंत्रिमंडल को पद की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए 13 देशों को आधिकारिक न्योता भेजा गया है, जिनमें भारत, चीन, पाकिस्तान जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

## नवजोत कौर का राहुल गांधी पर अब तक का सबसे बड़ा हमला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस से निष्कासित नेता नवजोत कौर सिद्धू ने पार्टी नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर जमीनी हकीकतों से बेखबर होने का आरोप लगाया और 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार की भविष्यवाणी की। तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक रैली को संबोधित करते हुए सिद्धू ने कहा कि गांधी समझदारी की बातें तो करते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं करते। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने पंजाब इकाई में कथित अनियमितताओं को उजागर करने के लिए आठ महीने का समय मांगा था, जिसमें चुनाव टिकटों की 'बिक्री' के आरोप भी शामिल थे, लेकिन उनकी बात अनसुनी कर दी गई।

## डिवाइडर से टकराई कार, तीन चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत

**नालंदा।** नालंदा जिले के एकंगरसराय-जहानाबाद मुख्य मार्ग पर कठार पुल के पास मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार सामने से आ रही गाड़ी के चकमा देने के बाद अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार सीधे पुल के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में जहानाबाद जिले के टेनी बीघा गांव निवासी तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोनू कुमार (21), रोहित कुमार (22) और उद्देश्य कुमार (18) के रूप में हुई है। तीनों आपस में चचेरे भाई थे और एक ही परिवार से थे।

## पुलिस की स्कार्पियो पेड़ से टकराई, दरोगा की मौत

**महराजगंज।** महराजगंज में गोरखपुर पुलिस टीम की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकरा गई। हादसे में दरोगा की मौत हो गई। महिला दरोगा, सीनियर एसआई, दो कॉन्स्टेबल और चालक घायल हैं। पुलिस टीम कुशीनगर से दबिश देकर गोरखपुर लौट रही थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि हाईवे पर ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे स्कॉर्पियो डिवाइडर पर चढ़ गई, फिर पेड़ से जा भिड़ी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और सभी को गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। हादसा मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे श्यामदेउरवा थाना के कतरारी इलाके में हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## सलीम खान की बिगड़ी तबीयत, लीलावती अस्पताल में भर्ती



**मुम्बई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के पिता और इंडस्ट्री के दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान की अचानक तबीयत बिगड़ी है। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता की सेहत की जानकारी मिलते ही सलमान खान भी तुरंत ही अस्पताल पहुंचे हैं। पिता सलीम खान की तबियत बिगड़ने की खबर सुनते ही सलमान खान तुरंत लीलावती अस्पताल पहुंचे चुके हैं। हॉस्पिटल से सलमान खान का वीडियो सामने आया है। इसमें सलमान का चेहरा उतरा हुआ नजर आ रहा है और वो काफी चिंतित दिखाई पड़ रहे हैं।

## यूपी बोर्ड की परीक्षा कल से 53 लाख छात्र देंगे इम्तिहान



**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की लिखित परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही है, जो 12 मार्च तक प्रदेश के 8033 केंद्रों पर चलेगी। सभी केंद्रों व उनके स्ट्रांग रूमों की 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से आनलाइन निगरानी कराई जा रही है। इसके लिए यूपी बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज तथा लखनऊ में राज्य स्तरीय कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। इसके अलावा पांच क्षेत्रीय कार्यालयों तथा सभी जिला मुख्यालयों पर बने कंट्रोल रूमों से केंद्रों के स्ट्रांग रूमों की निगरानी शुरू कर दी गई है। परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक तथा दूसरी पाली में दोपहर 2.00 से शाम 5.15 बजे तक चलेगी। हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 27,61,696 तथा इंटरमीडिएट के लिए 25,76,082 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।




# तेल की तस्करी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़

## भारत ने 3 तेल टैंकर्स को बीच समुंदर से खींचकर किया जब्त

● पहचान छिपाने के लिए नाम और झंडे बदल दिए गए थे



**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसी-जी) ने मुंबई के पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में तेल की तस्करी के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अत्याधुनिक अभियान में तेल और तेल आधारित माल से लदे तीन विदेशी जहाजों को रोका गया और जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ये जहाज कथित तौर पर रूस और ईरान जैसे संघर्षग्रस्त देशों से सस्ता तेल प्राप्त कर रहे थे और उसे समुद्र के बीच में ही अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में मोटर टैंकरों में स्थानांतरित कर रहे थे। इस तरीके से तस्कर तटीय देशों द्वारा लगाए गए करों और शुल्कों से बचते हुए भारी मुनाफा कमा रहे थे। तीनों जहाजों, जिनकी पहचान स्टेलर रूबी, एस्फाल्ट स्टार और अल जाफजिया के रूप में हुई है, ने कथित तौर पर अपनी पहचान छिपाने के लिए अपने नाम और झंडे बदल लिए थे। हालांकि उनके आईएमओ नंबर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पहले प्रतिबंधित किए गए जहाजों से मेल खाते थे।

## चेक बाउंस मामले में अब अमीषा के खिलाफ वारंट



**मुम्बई।** चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव के बाद अब एक्ट्रेस अमीषा पटेल की मुश्किलें भी बढ़ती नजर आ रही हैं। 2017 के एक इवेंट विवाद से जुड़े मामले में मुरादाबाद की अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए अमीषा पटेल ने अपने इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, मीडिया में मुरादाबाद में पवन वर्मा द्वारा की गई कुछ कार्यवाही को लेकर खबरें चल रही हैं। मैं सभी को बताना चाहती हूं कि यह बहुत पुराना मामला है, जिसमें पवन वर्मा ने सालों पहले समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए थे और पूरी सहमति राशि प्राप्त कर ली थी।

## मऊ समाचार

### सीने में दर्द के बाद बीएलओ की मौत



**मऊ।** मधुबन विधानसभा क्षेत्र के मित्तूपुर गांव निवासी बीएलओ आशा देवी (55) की रविवार की शाम को सीने में दर्द होने के बाद तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की बेटी की सात मार्च को शादी तय है। निधन से परिवार और गांव में शोक है। परिजन हार्ट अटैक से मौत की आशंका जता रहे हैं। सोमवार को उपजिलाधिकारी राजेश अग्रवाल की मौजूदगी में तहसील परिसर में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। उसके बाद वह राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के साथ मृतका के निवास ग्राम कुंवरपुरवा पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मृतका की दोनों बेटियों अंशु प्रिया (31) एवं सुप्रिया (29) को हिम्मत बंधाई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शैलेश मौर्य ने बताया कि आगामी 7 मार्च को बड़ी पुत्री का विवाह है। उपजिलाधिकारी ने विवाह कार्यक्रम में प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही दाह संस्कार एवं धार्मिक कार्यों के लिए 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता अपने स्तर से प्रदान की। मृतक के पति का भी दो वर्ष पूर्व निधन हो चुका है।

## देवरिया समाचार

### कथा सुनने जा रही बुजुर्ग महिला की सड़क हादसे में मौत

**बघौचघाट।** बघौचघाट कस्बा की 65 वर्षीय महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह सखनी स्थित बाबा चंद्रनाथ मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सुनने जा रही थीं। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार खनुआ नदी घाट पर कर दिया। जानकारी के अनुसार, बघौचघाट कस्बा निवासी शशि राय (65) पत्नी बृजकिशोर राय रविवार की रात कथा सुनने के लिए बाइक से सखनी जा रही थीं। मंदिर से कुछ दूर पहले सखनी मार्ग पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिजन उन्हें देवरिया के एक निजी अस्पताल ले गए जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

## बलिया समाचार

### हवा भरने वाली मशीन की टंकी फटी, महिला की मौत, पति गंभीर



**बांसडीह/घोघा।** कोतवाली क्षेत्र के केवरा चट्टी पर वाहनों के टायर में हवा भरने वाली टंकी फटने से दुकानदार रवि वर्मा की पत्नी रेनू देवी (35) की मौत हो गई। दुकानदार घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल दुकानदार को जिला चिकित्सालय ले आया गया, जहां से चिकित्सकों ने वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। बांसडीह कोतवाली के प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि केवरा निवासी रवि वर्मा (40) की चट्टी पर हवा भरने की दुकान है। सोमवार को दुकान पर वह टायर पंक्चर बनाने और टायरों में हवा भरने में व्यस्त थे। दोपहर के समय उनकी पत्नी रेनू देवी पति के लिए खाना लेकर दुकान पर पहुंची। खाना निकाल कर हवा भरने वाली टंकी के पास बैठ गईं। पति कार्य से खाली होकर खाना खाने के लिए ज्यों ही करीब आए, हवा की टंकी तेज अवाज के साथ फट गई। दुकानदार की पत्नी रेनू देवी की मौके पर ही मौत हो गई। दुकानदार रवि वर्मा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। हवा की टंकी की फटने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग डर कर भागने लगे।

## भदोही समाचार

### आबादी वाले क्षेत्रों में शराब की दुकान खुलने के विरोध में महिलाएं मुखर

**ज्ञानपुर।** भदोही ब्लॉक के पनईपुर के ग्रामीणों ने सोमवार को शराब की दुकान को हटाने की मांग के लिए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आबादी वाले क्षेत्र में शराब की दुकान खुलने से महिलाओं को परेशानी हो रही है। डीएम को ज्ञापन देकर अविलंब दुकान हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि दुकान के पास अक्सर असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा रहता है। इससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। शाम के समय महिलाओं और छात्राओं का इस मार्ग से गुजरना असुरक्षित हो गया है। शराब खरीदने वालों के वाहनों के कारण सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। नशे में धुत लोग अक्सर अभद्र हरकतें करते हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### पहली बार खाली हुई कचहरी, 10 हजार से अधिक वादकारियों को मिली 21 फरवरी की तारीख



**आजमगढ़।** जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय के ईमेल पर सोमवार की सुबह करीब 9.50 बजे कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद पहली बार कचहरी खाली करा कर शहर कोतवाली व सिधारी थाने की पुलिस ने बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, के साथ चेकिंग की। साथ ही एटीएस की टीम ने भी कचहरी की सुरक्षा की जांच की। इस दौरान अफरा-तफरी जैसा माहौल रहा। सोमवार को तारीख पर आए वादकारियों को 21 फरवरी की तारीख निर्धारित कर उन्हें बुलाया गया है। ई-मेल में एक लाइन में धमकी दी गई कि सोमवार की दोपहर ठीक 12 बजे बम धमाके कर न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं को निशाना बनाया जाएगा। जिला जज ने पुलिस को सूचना दी। साथ ही बार के पदाधिकारियों को भी अवगत कराया। इसके तुरंत बाद ही अधिवक्ताओं ने अपने चेंबर को खाली करना शुरू कर दिया। कुछ ही देर बाद सीओ सिटी शुभम तोदी, शहर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय और सिधारी थाना प्रभारी आरके सिंह बम निरोधक दस्ता और खोजी कुत्ते के साथ पहुंचे। अधिवक्ताओं से चेंबर को खाली करने की अपील की।

## जौनपुर समाचार

### मार्च में चालू होगा एनएच 731-बी पर जंघई का फ्लाईओवर

**मीरगंज।** मछलीशहर से वाराणसी जा रहे एनएच-731बी की 640 करोड़ की परियोजना मार्च में पूरी होगी। परियोजना में रुकावट बने फ्लाईओवर को रेलवे से अनुमति मिल गई है। इसके कारण गार्डर रखने के लिए ज्वाइंट बनाने का काम शुरू हो गया है। मछलीशहर से वाराणसी जा रहे एनएच-731 बी के भदोही तक निर्माण के लिए 640 करोड़ का बजट शासन से स्वीकृत किया गया था। स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन कंपनी ने नवंबर-2023 में निर्माण कार्य शुरू कर नवंबर-2025 से पहले काम पूरा कर लिया था। लेकिन, जंघई बाईपास निर्माण के लिए चौका मोड़ पर अतिक्रमण हटाने और सेमरी में फ्लाईओवर का काम पूरा करने में कुछ समय और लग गया। इसके बाद जंघई बाईपास का निर्माण जनवरी में पूरा कर लेने के बाद कंपनी ने फ्लाईओवर पर गार्डर रखने के लिए अनुमति के लिए रेलवे का चक्कर लगाना शुरू कर दिया।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने कर एवं करेत्तर, स्टाफ मीटिंग, सी0एम0 डैशबोर्ड राजस्व की बैठकर कर की समीक्षा



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर, स्टाफ मीटिंग, सी0 एम0 डैशबोर्ड राजस्व की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में 36 मदो/योजनाओ में जनपद को ए श्रेणी प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने बी0, सी0 श्रेणी वाले अधिकारियो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि अधिकारी अगले माह व्यक्तिगत रूचि लेते हुए प्रगति में सुधार लाए अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिन मदो/योजनाओ में ए श्रेणी प्राप्त है यथा– डिजिशक्ति, राइट आफ वे, उत्पन्न राजस्व बनाम लक्ष्य, लो रिस्क भवनों के मानचित्रो की स्वीकृति, शमन मानचित्र अनुमा. `दन, हाई रिस्क भवनों के मानचित्रो की स्वीकृति, पेट्रोल पंपों का सत्यापन मुद्रांकन, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना, मंडी आवक, औषधि विक्रय लाइसेंस, संकलित नमूना एवं कृत कार्यवाही औषधि, संकलित नमूना एवं कृत कार्रवाई खाद्य, एनएफएस एईपीडीएस लाभार्थी, धान खरीद योजना, अमृत दो, पीएम सम्मान निधि योजना, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना, एलओआई के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया, लक्ष्य के सापेक्ष प्रवर्तन कार्यवाही, कृषि भूमि से गैर कृषि, अधिवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ई खसरा खरीफ, ई खसरा रबि, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन, एंटी भू माफिया, जाति प्रमाण पत्र, धारा 89, धारा 98, निर्विवाद उत्तराधिकार, भू आवंटन पट्टा डैशबोर्ड, भूलेख, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना, साल्वेंसी सर्टिफिकेट, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, भूतपूर्व सैनिकों हेतु परिचय हेतु आनलाइन सेवाएं, सरकारी गैर कर राजस्व समेकित है। राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान वाणिज्य कर, स्टाम्प, परिवहन, जी0एस0टी0, वन विभाग, विद्युत, नगर पालिका अहरौरा एवं कछवां की लक्ष्य सापेक्ष मासिक/वार्षिक प्रगति सही होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियो को निर्देशित किया गया।

## गाजीपुर समाचार

### छत से गिरा मासूम, सरिया में धंसने से मौत

**दुल्लहपुर।** थाना क्षेत्र के खुदाबक्शपुर गांव में सोमवार की सुबह छत से गिरकर पांच वर्षीय मासूम गांधी की सरिया में धंसने से मौत हो गई। खुदाबक्शपुर गांव निवासी निशा देवी ने बताया कि वह छत पर स्नान कर रही थी। पुत्र गांधी (5) खेलते-खेलते गांधी का संतुलन होकर गिर गया और बगल की अधूरी छत पर निकले पिलर के सरिया पर जा गिरा। यह मंजर देख परिजनों और आसपास के लोगों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह सरिया में फंसे मासूम को बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए मऊ अस्पताल लेकर रवाना हुए, लेकिन गजपतपुर गांव के पास रास्ते में ही उसने अंतिम सांस ली। जानकारी मिलते ही पूर्व प्रधान रामाश्रय चौहान, सपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र भारती, विंध्याचल चौहान एवं प्रधान प्रतिनिधि चांदी यादव सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

## सोनभद्र समाचार

### उत्तर प्रदेश बना फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश, नवाचार और विश्वास का नया वैश्विक केंद्र

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश अपनी पहचान 'ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी' के रोल मॉडल के रूप में स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने और प्रदेश को फार्मा सेक्टर में अग्रणी मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के पास न केवल देश का सबसे बड़ा कंज्यूमर मार्केट है, बल्कि फार्मा सेक्टर के लिए जरूरी विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और कुशल वर्कफोर्स भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। राज्य सरकार अपने प्रत्येक निवेशक को 'ट्रिपल एस' अर्थात् 'सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड' की गारंटी प्रदान कर रही है, जो औद्योगिक विकास के लिए अनिवार्य शर्त है। फार्मा और हेल्थकेयर के क्षेत्र में मौजूद असीमित संभावनाओं को देखते हुए राज्य के विभिन्न जनपदों में क्लस्टर आधारित विकास किया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध ललितपुर जनपद में प्रदेश के पहले फार्मा पार्क के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। वहीं, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट लगभग 350 एकड़ क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। इस पार्क की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 100 से अधिक फार्मा कंपनियां इससे जुड़ चुकी हैं। निवेशकों की सुविधा के लिए यहाँ यू.एस. एफ.डी.ए. टेस्टिंग लैब स्थापित करने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। ललितपुर के फार्मा पार्क को हब एंड स्पोक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है,

## चंदौली समाचार

### पति ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या

**चंदौली।** जिले के चकिया कोतवाली के भीषमपुर गांव में सोमवार की रात 22 वर्षीय विवाहिता की पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। पति- पत्नी परिवार से अलग घर में रहते थे। दोनों ने दो वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। घटना के बाद आरोपी पति मौके से भाग गया। सुबह मृतका के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोप है की घरेलू विवाद के दौरान पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। कोतवाली पुलिस के अनुसार भीषमपुर गांव निवासी सुमेर मौर्य के पुत्र सनी कुमार मौर्य (24) और गांव के ही निवासी दशमी राम गौड़ की पुत्री बबली गौड़ (22) लगभग दो वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किए थे। विवाह के बाद दंपती परिवार से अलग गांव में ही रह रहे थे। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से दोनों के बीच आपसी विवाद और तनाव की स्थिति थी। सोमवार की देर रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ।

## प्रयागराज समाचार

### हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा 18 फरवरी से 8033 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शुरू होगी



**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं। जो 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक चलेंगी। इनके लिए व्यापक तैयारी की गई है, जिसमें छात्रों की सुविधा, नकल रोकथाम और निगरानी पर जोर दिया गया।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा 18 फरवरी से 8033 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शुरू होगी। परीक्षा में 5337778 परिक्षार्थी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे। प्रथम पाली सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे, द्वितीय पाली सायं 2 बजे से 5.15 बजे तक परीक्षा चलेगी। प्रदेश में 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें संवेदनशीलता के आधार पर 222 अति संवेदनशील और 683 संवेदनशील केंद्र चिन्हित किए गए हैं। 18 जनपदों को विशेष संवेदनशील घोषित कर अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। छात्रों को अच्छी सुविधा और परीक्षा से परिचित कराने के लिए प्री-बोर्ड परीक्षाओं में पिछले वर्षों के बोर्ड प्रश्नों का उपयोग किया गया। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी लाइव फीड लखनऊ में दो राज्य स्तरीय और प्रयागराज में एक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से निगरानी हो रही है। जनपद स्तर पर सच दल, परवेक्षक, क्षेत्रीय और मंडलीय कार्यालयों से सतत निरीक्षण सुनिश्चित किया गया है। हेल्पलाइन राज्य स्तर पर (लखनऊ और प्रयागराज) सक्रिय हैं, साथ ही मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन भी उपलब्ध है।

## गोरखपुर समाचार

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत



**गोरखपुर।** थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित पुरानी हनुमानगढ़ी मोहल्ले में 25 वर्षीय विवाहिता सोनी वर्मा की रविवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह मृतका के शव का दाह-संस्कार मुक्तिपथ पर शुरू हुआ। इसी बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

मृतका के पिता प्रहलाद वर्मा का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने बिना किसी सूचना के शव का दाह-संस्कार शुरू कर दिया था। जैसे ही उन्हें इस घटना की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंचे और 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय, कस्बा इंचार्ज जितेंद्र मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने चिता से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**अदालती-नोटिस, गाजीपुर**

नोटिस निस्वत दिखाने वजह (आमतौर पर)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) गाजीपुर।
प्रकीर्ण वाद सं. 55/2021
सिम्मी खान आदि बनाम सलाहुद्दीन आदि।
बनाम- 1. अलाउद्दीन खाँ पुत्र वलायत खाँ 2. सलाहुद्दीन खाँ पुत्र वलायत खाँ 3. आकिब खाँ नाबालिग पुत्र अलाउद्दीन खाँ संरक्षक अलाउद्दीन खाँ पिता समस्त निवासीगण ग्राम ताजपुर कुर्रा तहसील सेवराई जिला गाजीपुर।
हरगाहवादी ने इस न्यायालय में उपरोक्त वाद प्रस्तुत किया है, जिसमें आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 23 माह 02 सन 2026 ई. को 10 बजे दिन स्वयं अथवा द्वारा अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर वाद में प्रतिवाद पत्र प्रस्तुत करें। अन्यथा आपके विरुद्ध अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध वाद में एकपक्षीय समायत की जायेगी।
तारीख 16 माह 02 सन 2026 ई.
**न्यायालय की आज्ञा से- मुन्सरिम**

## सुल्तानपुर समाचार

### ट्रक चालक की गला काट कर हत्या



**लंभुआ।** मदनपुर पनियार गांव में रविवार देर रात ट्रक चालक अमित सिंह (35) की घर के अंदर धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह घर के एक कमरे में चारपाई पर उनका निर्वस्त्र शव पड़ा मिला। दीवार पर खून की छीटें मिली हैं। वारदात के बाद पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी को मायके से हिरासत में ले लिया। वहीं मृतक के भाई अजीत की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी शिल्पी सिंह व उसके परिचित दीपक के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। एसपी चारू निगम ने भी घटनास्थल पहुंचकर पड़ताल की। एसपी ने बताया कि वारदात के खुलासे के लिए चार टीमें गठित की गई हैं। मृतक के छोटे भाई अजीत सिंह मुंबई में रहते हैं। सोमवार सुबह उन्होंने फोन करके अपने बड़े भाई अमित की हत्या के बारे में पुलिस को बताया।

**अदालती नोटिस सैदपुर**

सम्मन बगरज इन्फिसाल मुकदमा
नाम अदालत न्यायालय उपजिलाधिकारी सैदपुर।
वाद सं. सन्
धारा 144 उ0प्र0रा0संहिता मौजा- रावल प0त0 सैदपुर जि0-गाजीपुर।
विजय शंकर बनाम सरकार
बनाम 1.मनोज पुत्र श्यामजी ग्रा.- रावल प.त. सैदपुर जि.-गाजीपुर, 2.पिन्टू, परवन्चू पुत्रगण लालजी ग्रा.- रावल प.त. सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 3.मिठाई लाल, 4.रामू पुत्रगण रामसूरत ग्रा.- रावल पर. त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 5.शारदा देवी स्त्री लालजी ग्रा.-रावल प.त. सैदपुर जि.- गाजीपुर, 6.श्यामजी पुत्र रामसूरत ग्रा.- रावल प.त. सैदपुर जि.-गाजीपुर, 7.हीरा पुत्र रामसूरत ग्रा.-रावल प.त. सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 8.दुर्गावती स्त्री दुवरी ग्रा. मुस्तफाचक प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 9. ऋषिकेश पुत्र रामधनी ग्राम रावल प.त. सै. जि.- गाजीपुर, 10. बबलू पुत्र प्रेम ग्रा. रावल प.त.सै.जि. गाजीपुर, 11.बुधा स्त्री प्रेम ग्रा. रावल प.त.सै. जि.- गाजीपुर, 12.मनीष पुत्र प्रेम ग्रा. रावल प.त.सै. जि.गाजीपुर,13.महेन्द्र पुत्र फागु ग्रा.रावल प.त.सै.जि.-गाजी- पुर, 14.मिला देवी स्त्री रामधनी ग्रा. रावल प.त.सै.जि. गाजीपुर, 15. मुकेश पुत्र रामधनी ग्रा. रावल प.त.सै. जि.-गाजीपुर, 16.शिवधनी पुत्र फाग- ू ग्रा.रावल प.त.सै. जि.-गाजीपुर, 17.जितेन्द्र पुत्र सत्यनरायन ग्रा.रावल प.त.सै. जि.-गाजीपुर, 18.बलिराम पुत्र रामफेर ग्रा.रावल प.त.सै. जि.- गाजीपुर, 19.प्रहलाद पुत्र सत्यनरायन ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 20.इन्द्रावती स्त्री लालचन्द ग्रा.रावल प.त.सै. जि.-गाजीपुर, 21.निलेश पुत्र लालचन्द ग्रा. रावल प.त.सै. जि.गाजीपुर, 22.प्रभवती स्त्रीबालचन्द ग्रा. रावल प. त.सै. जि.- गाजीपुर, 23.मुकेश पुत्र बालचन्द ग्रा. रावल प.त.सै. जि.-गाजीपुर, 24.योगेश पुत्र बालचन्द ग्रा. रावल प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 25.राकेश, 26राजेश पुत्रगण लालचन्द ग्रा.रावल प.त.सै. जि.-गाजीपुर, 27.रानू कुमारी पुत्री बालचन्द ग्रा.रावल प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 28.रामबचन पुत्र रामदेव ग्रा. रावल प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 29.कैलाश पुत्र खुद्दी ग्रा.रावल प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 30.मिथिलेश पुत्र खुद्दी ग्रा. रावल प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 31.अमन कुमार पुत्र रामकिशुन ग्रा. रावल प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 32.अरसा देवी स्त्री रामकिशुन ग्रा.रावल प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 33.देवेन्द्र पुत्र रामकिशुन ग्रा.रावल प.त.सै.जि.-गाजीपुर,34. महेन्द्र, 35.राजाराम पुत्रगण अयोध्या ग्रा. रावल प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 36.रामआशीष पुत्र रामकिशुन ग्रा. रावल प.त. सै.जि.-गाजीपुर, 37. श्रीराम, 38.रामकिशुन पुत्रगण अयोध्या ग्रा. रावल प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 39.जंगबहादुर, 40.विजय बहादुर पुत्रगण कुवेर ग्रा. रावल प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 41.पारस पुत्र भृगुनाथ ग्रा. रावल प.त.सै.जि.- गाजीपुर, मधुवर पुत्र सुबेदार ग्रा. रावल प.त.सै. जि.-गाजीपुर, 42.धनवती स्त्री परशुराम ग्रा. रावल प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 43.अनिल कुमार पुत्र लालता यादव ग्रा. मुहम्मद- पुर गायवाल, प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 44.आनन्द कुमार पुत्र अवधेश यादव ग्रा. सकलडीहा, प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 45.उमेश यादव पुत्र सियाराम यादव ग्रा. नसीरपुर दुर्गापुर प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 46.चन्द्रकला यादव स्त्री राजाराम यादव ग्रा. पुलवारी कला प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 47.जयाकिशन गुप्ता पुत्र विमल प्रसाद ग्रा.सैदपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 48.मुकेश बरनवाल पुत्र ओमकारनाथ बरनवाल ग्रा.सै. प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 49.मुन्नर पुत्र इन्द्रदेव ग्रा. मझारी प.त.सै.जि.गाजीपुर, 50.उर्मिला देवी स्त्री भरत कुमार ग्रा.पटेल नगर सै.प.त.सै. जि.-गाजीपुर, 51.सविता/ भुल्लन पु. कृष्णकुमार ग्रा. नन्दगंज बरहपुर प.त. सै.जि.-गाजीपुर, 52.देवनरायन उर्फ गरीब, 53. राजनरायन पुत्रगण हरिद्वार उर्फ हरिनाथ ग्रा रावल प.त.सै. जि.- गाजीपुर, 54.बदामी स्त्री हरिराम ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 55.आलोक पुत्र रमाशंकर ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 56.आशीष पुत्र ओमप्रकाश ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 57.कमलेश पुत्र रमाशंकर ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 58.कौशिल्या देवी स्त्री रमाशंकर ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 59.जय प्रकाश पुत्र हरिशंकर ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 60.प्रवीण पुत्र ओमप्रकाश ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 61.मनोज पुत्र रमाशंकर ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 62.बहादुर प्रसाद पु. रामवदन ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 63.संजू स्त्री मनोज ग्रा.बभनौली खुर्द प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 64.सीमा स्त्री मनबोध ग्रा.बभनौली खुर्द प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 65.अजीत पु. रामजी ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 66.चन्दर पु. भागवत ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 67.दीपक पु. रामजी ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 68.सेवक प. भागवत ग्रा.रावल प.त. सैदपुर जि.-गाजीपुर, 69.सोनी स्त्री रामजी ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 70.हरि पु. भागवत ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 71.लालजी पु. हरदेव ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 72.रामसूरत पु. हरदेव ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 73.लाल मोहन पु. हरदेव ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 74.लाल- मनि देवी स्त्री हरखू ग्रा.रईसपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 75.सुनील, अनिल, 76.सुशील पुत्रगण श्याम जी ग्रा.रावल प.त.सै.जि.गाजीपुर, 77. सतीष/ना./माता कुमारी देवी ग्रा.रावल प.त.सैदपुर, जि.गाजीपुर, 78.मीरा देवी पु. श्यामजी ग्रा.रावल प.त.सैदपुर, जि.गाजीपुर, 79.रामजी पु. जोखन ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.गाजीपुर, 80.संजय पु. श्याम जी ग्रा.रावल प.त. सैदपुर जि.गाजीपुर, 81.सोहन पु.जोखन ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 82.गिरजा देवी स्त्री कमला प्रसाद ग्रा. टोडरपुर प.त. सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 83. संजय, 84.मनोज पुत्रगण लालजी ग्रा.रावल प.त. सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 85.यश कुमार पु. अनिल ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 86. उत्कृष्ट/ ना./माता-इन्द्रासनी ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 87. इन्द्रासनी स्त्री अनिल कुमार ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 88. विश्वनाथ, 89.प्रमोद पुत्रगण कन्हैया ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 90.कंचन देवी स्त्री पिन्टू कुमार ग्रा.सैदपुर प.त.सै.,जि.-गाजीपुर, 91.गोपाल उर्फ राजेश पु. सुरेश ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 92.बलराम प्रसाद पु. बेनी ग्रा.रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 93.बृजेश पु. सुरेश ग्रा. रावल प.त.सैदपुर,जि.- गाजीपुर, 94.मंगला प्रसाद पु. बेनी ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 95.माधुरी स्त्री सुरेश ग्रा.रावल प.त. सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 96.नीती देवी स्त्री नीरज कुमार ग्रा.सैदपुर प.त.सै., जि.-गाजीपुर, 97.अवधेश पु. रामजी ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 98.अरूण पु.रामजी ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 99. राधिका देवी स्त्री रामचरित्तर ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 100. केशवा देवी स्त्री रामसूरत ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 101. प्रदीप पु. बलवन्त ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 102. पप्पू पु. बलवन्त ग्रा. रावल प.त. सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 103.रमावती देवी स्त्री शंकर यादव ग्रा. आजाद नगर वार्ड-10 सै.प.त.सै.,जि.- गाजीपुर, 104. सीमा देवी स्त्री संजय यादव ग्रा. आजाद नगर वार्ड नं.सै. प.त.सै.,जि.-गाजीपुर, 105.अमन पु. अनिल कुमार ग्रा.रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 106.श्यामजीरा स्त्री शोभनाथ ग्रा. मुस्तफाचक प.त.सै. जि.-गाजीपुर, 107.नन्हका देवी स्त्री रमेश ग्रा. मुस्तफाचक प.त.स.जि.- गाजीपुर, 108.उर्मिला स्त्री चतुरीराम ग्रा. आदमपुर मुरादचक वार्ड-11 प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 109.अजय पु. रामकेर ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 110.अनिल पु. सस्ती ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 111.रामकृत पु.गनेश ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 112.रामधारी पु. मेल्डू ग्रा.रावल प.त. सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 113. रामनरायन पु.रामकेर ग्रा.रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 114. शिवसरन पु. रामकेर ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 115. श्रवण पु. सस्ती ग्रा. रावल प.त. सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 116.संजय पु. रामकेर ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 117.श्रीमति गिरजा देवी स्त्री पारस ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 118.काशी पु. द्वारिका ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 119.राधाकृष्ण स्त्री विमल कुमार ग्रा.गाजीपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 120.किशोरी सेठ पु. लल्लन प्रसाद से. ग्रा. मालवीय नगर सं प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 121.तरूण पु. रामप्यारे ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 122.मीरा देवी स्त्री तरूण ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 123. रामनगिना यादव पु. राजमनी यादव ग्रा. कटधरा चकताज प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 124.रामाधार यादव पु. राजमनी यादव ग्रा. कटधरा चकताज प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 125.चन्द्रिका पु. लक्षिराम ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 126.बद्री पु. रामअवतार ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 127.रामलखन पु. हरगेन ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 128.वंशनरायन पु.रामचरन ग्रा.रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 129.लालजी पु. हरगेन ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 130. चन्द्रकला स्त्री नगिना ग्रा. रावल प.त. सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 131.फूलवासी स्त्री लोकनाथ ग्रा. रावल प.त. सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 132.मंजू देवी स्त्री प्रमोद ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 133.प्रकाश पु. खुनखुन ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 134.नगीना पु. खुनखुन ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 135. सीता स्त्री रामाश्रय ग्रा. रावल प.त. सैदपुर, जि.- गाजीपुर, 136.रामायण पु. विभूति ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 137.सोनिया स्त्री सूरज ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 138.जीता राम पु. रम्मन ग्रा. मुहम्मदपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 139. नान्हूराम पु. रम्मन ग्रा. मुहम्मदपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 140.मीताराम पु. रम्मन ग्रा.- मुहम्मदपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 141.ग्रीस कुमार प्द्गु. सीताराम ग्रा. मुहम्मदपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 142.राजकुमार पु. सीताराम ग्रा. मुहम्मदपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 143.रणजीत पु. सतिराम ग्रा. मुहम्मदपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 144.बदामी देवी स्त्री हरिप्रसाद ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 145.नीरजा देवी स्त्री रामजी ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 146.लालजी पु. सोखन ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 147. लक्ष्मीना देवी स्त्री दासू यादव ग्रा. इनायतपुर प.त. सै. जि.-गाजीपुर, 148.सुमन देवी स्त्री सूरज प्रसाद ग्रा. सैदपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 149. पुष्पा देवी स्त्री रामलाल ग्रा. रावल प.त.सैदपुर, जि.-गाजीपुर, 150. रामाधार पु. फौजदार ग्रा. टोडरपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर, 151.सालिक पु. रामचन्द्र ग्रा. टोडरपुर प.त.सै.जि.- गाजीपुर, 152.राजेन्द्र पु. जल्ली ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 153. नन्हे, फूलचन्द, राजेन्द्र पुत्रगण सदन ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 154.सुदामी देवी स्त्री सदन ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 155.बबुरी स्त्री फूलचन्द ग्रा. रावल प.त. सैदपुर जि.-गाजीपुर, 156.अजय पु. बुधिराम ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 157. दयानन्द पु. राजकुमार ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 158. निर्मला स्त्री राजकुमार ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 159. प्रद्युम्मन पु. राजकुमार ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 160. विजय पु. बुधिराम ग्रा. रावल प.त. सैदपुर जि.-गाजीपुर,161.विवेक पु. राजकुमार ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 162.श्यामबाबू पु. राजकुमार ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 163.सुशीला देवी स्त्री बुधिराम ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 164.हरिओम पु. राजकुमार ग्रा.रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 165.सुमन स्त्री कैलाश ग्रा. महरूमपुर प.त.सै.जि.-गाजीपुर,166. गोरखनाथ पु. शिवमूरत ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर, 167.श्रीनाथ पु. शिवमूरत ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.- गाजीपुर, 168.हरिनाथ पु. शिवमूरत ग्रा. रावल प.त.सैदपुर जि.-गाजीपुर।
हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्व दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 23माह 02 सन् 26 ई. मुकर्रर है इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाबदेही दावा की करें। वरना मुकदमा आपके खिलाफ एक तरफा समाप्त होगी। तारीख 09 माह 02 सन् 26 जारी किया गया।
**आज्ञा से- उपजिलाधिकारी सैदपुर।**

**अदालती-नोटिस, गाजीपुर**

न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) गाजीपुर द्वारा निकाली गई उदघोषणा
प्र.मु.नं. 177/2025
जियाउद्दीन बनाम सेराजुद्दीन आदि
बनाम- 1. सेराजुद्दीन उम्र अं. 64 वर्ष पुत्र स्व. जलील अंसारी 2. मेहरून निशा उम्र अं. 64 वर्ष पत्नी मोहम्मद सलाउद्दीन 3. शाहनवाज अहमद उम्र अं. 37 वर्ष 4. शहरयार अहमद उम्र अं. 36 वर्ष 5. शदाब अहमद उम्र अं. 35 वर्ष 6. महताब अहमद उम्र अं. 32 वर्ष 7. शाद अहमद उम्र अं. 31 वर्ष 8. तब्ससुम परवीन उम्र अं. 44 वर्ष 9. बेबी तरन्नुम उम्र अं. 43 वर्ष पुत्र व पुत्रीगण मोहम्मद सलाउद्दीन विपक्षीगण प्रथम पक्ष 10. अलाउद्दीन उम्र अं. 59 वर्ष पुत्र स्व. अब्दुल जलील अंसारी निवासी गंगा बिहार कालोनी पानी टंकी के पीछे केथवलिया गाजीपुर, 11. महिरा बानो उम्र अं. 64 वर्ष पुत्री स्व. अब्दुल जलील अंसारी निवासी मुहल्ला बड़ापुरा शहर व जिला गाजीपुर।
विपक्षीगण द्वितीय पक्ष
अपने मृतक की समस्त देय ऋणो और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र के अभिप्राप्ति के लिए सन 1889 ई. के अधिनियम 7 के अन्तर्गत उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र के लिए रु. 582108.23 पैसे मात्र। चूंकि उक्त ने प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन किया है और तारीख 19.02.2026 ई. वास्ते आपत्ति व निस्तारण को आवेदन की सुनवायी के लिए नियत हुआ है। अतः यह उदघोषणा की जाती है कि जिस किसी को आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति हो वह स्वयं या किसी वकील द्वारा उक्त न्यायालय में नियत तिथि पर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें अन्यथा दरखास्त के खिलाफ सम्बन्ध में उचित कारवाई की जाएगी।
तारीख 20 माह 01 सन 2026 ई.
**न्यायालय की आज्ञा से- मुन्सरिम**

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 26.6°C
● तापमान न्यूनतम : 10.5°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 17 फरवरी, मंगलवार, 2026 (3)






वाराणसी पब्लिक स्कूल केराकतपुर में 'प्रगति 2026 बाल उत्सव' के दौरान शामिल प्रतिभागी बच्चे एवं अन्य।

# ट्रेलर ने शिक्षक को कुचला

## घटनास्थल पर ही मौत, गुस्साये लोगों ने किया चक्काजाम

### ● घटना के बाद भाग रहे चालक को पुलिस ने पकड़ा



चंदौली। चंदौली जिले के जमानिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की सुबह ट्रेलर से दबकर निजी स्कूल के शिक्षक की मौत हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने शव को सैयदराजा जमानिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। मृतक शिक्षक अपने माता- पिता के इकलौते पुत्र थे। बेटे की मौत की जानकारी मिलते ही मां बेहोश हो गई। ककरैत गांव निवासी अजय राय के पुत्र आशुतोष राय (27) बरूइन जमानिया में एक निजी विद्यालय में शिक्षक थे। मंगलवार की सुबह वह बाइक से स्कूल जा रहे थे। अभी मैतलाशपुर मोड़ के पास पहुंचे थे की जमानिया की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गए। ट्रेलर उन्हें रौंदते हुए सैयद राजा की ओर भागने लगा। सूचना पर पुलिस ने कंदवा थाने के पास चालक और वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। घटना की जानकारी होने पर सीओ सदर देवेंद्र कुमार और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। समाचार दिए जाने तक जाम लगा हुआ है।

## फरवरी के अंतिम सप्ताह में काशी आएंगे सीएम



**वाराणसी।** मख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरवरी के अंतिम सप्ताह में काशी आएंगे। इसकी तैयारियां चल रही हैं। वह रोपवे और गंजारी स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री विकास परियोजनाओं की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री जिन परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे उनमें कमिश्नरी आवास परिसर में बनने वाले मंडलीय एकीकृत कार्यालय भवन का निर्माण शामिल है।

## नेपाल को परास्त कर वाराणसी की बेटियों ने जीता कांस्य पदक




### ● 2nd GCS इंटरनेशनल पूमसे चैंपियनशिप 2026

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काठमांडू के दशरथ रंगशाला, त्रिपुरेश्वर में आयोजित 2nd GCS इंटरनेशनल पूमसे चैंपियनशिप 2026 (G-1 वर्ल्ड रैंकिंग) में जिला ताइक्वांडो संघ वाराणसी की महिला अंडर-30 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। दीक्षा पटेल, साधना एवं अंकिता वर्मा ने प्रशिक्षक चंद्रभान पटेल के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट तालमेल और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए मेज़बान नेपाल की टीम को पराजित किया। इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर संघ के अध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रजत मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमित जायसवाल सहित सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक को बधाई दी।

## महाकाल भस्म आरती, रुद्राभिषेक एवं शिव-बारात सांस्कृतिक मंचन




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर माहेश्वरी परिषद्, वाराणसी द्वारा माहेश्वरी भवन, महमूरगंज में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ भव्य कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तिमय भजन माला से हुआ। तत्पश्चात महाकाल के अभिषेक एवं रुद्राभिषेक का पावन आयोजन पंडित शंकर महाराज की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ, अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, मंत्री राकेश कचोलिया, श्रीराम महेश्वरी, राजकुमार कोठारी द्वारा किया गया। इस अवसर की विशेष आकर्षण नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव हार्दिक असावा एवं पार्वती बनी भाविका राठी द्वारा शिव-बारात का सांस्कृतिक मंचन रहा। कार्यक्रम का संचालन पूजा चांडक एवं धन्यवाद ज्ञापन बालकिशन आसावा ने किया।

## वाराणसी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत कई नेता हाउस अरेस्ट



**वाराणसी।** वाराणसी में पुलिस ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समेत कई नेताओं को हाउस अरेस्ट किया है। सभी नेता लखनऊ में विधानसभा के घेराव की जा रहे थे।कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महिला जिलाध्यक्ष अनुराधा यादव समेत कई नेताओं के घरों पर पुलिस तैनात कर दी गई है। हालांकि, पुलिस कुछ नेताओं को रोक नहीं सकी। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे अपनी टीम के साथ देर रात लखनऊ पहुंच गए। उन्होंने अजय राय से मुलाकात कर बनारस से कार्यकर्ताओं के पहुंचने की जानकारी दी।

## सीवर की समस्या सपाइयों ने किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** वाराणसी के वार्ड नंबर 27 स्थित आजाद नगर (बजरडीहा) में पिछले दो वर्षों से चली आ रही सीवर जाम और जलजमाव की समस्या को लेकर क्षेत्रीय जनता ने जलकल विभाग कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता भी शामिल रहे, जिन्होंने जमीन पर बैठकर नारेबाजी की और विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। आरोप है कि सीवर लाइन जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों और गलियों में भरा रहता है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। जलजमाव के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिससे लोगों में आक्रोश है।

## सीएचएस की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर सेंट्रल आफिस पहुंचे स्टूडेंट्स

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के केंद्रीय कार्यालय के बाहर आज छात्रों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सेंट्रल हिंदू स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी मांगों को लेकर किया गया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और प्राक्टोरियल बोर्ड के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। मौके पर पुलिस बल और विश्वविद्यालय का प्राक्टोरियल बोर्ड मौजूद रहा। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि ण्प्ए्ँप्ळ की कक्षा-9 में प्रवेश हेतु सीटों की संख्या शून्य कर देना विश्वविद्यालय की गरिमा पर आघात है। उनका आरोप है कि मेधावी छात्राओं को उनकी प्रतिभा के आधार पर प्रवेश का अवसर न देना अन्यायपूर्ण निर्णय है। छात्रों ने मांग की कि या तो कक्षा-9 में अतिरिक्त सेक्शन बनाए जाएं अथवा CHS की सभी सीटों पर प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयन प्रक्रिया लागू की जाए। छात्रों ने यह भी कहा कि कक्षा-6 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया कोरोना काल से स्थगित है, जिसे तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाना चाहिए।

## एनएसएस के विशेष शिविर में ई-कॉमर्स एवं डिजिटल उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** एन एस एस सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन, एन एस एस इकाई 011सी एवं 011डी द्वारा ग्राम बरकछा कलां में 'आजीविका एवं वित्त' तथा 'व्यावसायिक एवं आजीविका कौशल' विषयों पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशिधर के. एस. (इकाई 011सी) एवं डॉ. सविता देवांगन (इकाई 011डी) के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत योग सत्र से हुई, तत्पश्चात ग्रामीण आजीविका संवर्धन, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता एवं उद्यमिता जागरूकता पर केन्द्रित गतिविधियाँ संचालित की गईं।

## छिपी हुई प्रतिभाओं का पता लगाने के लिए बाल उत्सव

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में बच्चों की अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने, उनके सर्वांगीण विकास, क्रॉस लर्निंग स्पेस, नए शैक्षिक तरीके को खोजना, छिपी हुई क्षमता का पता लगाने व प्रतिभा दिखाने हेतु मीना मंच के अंतर्गत 'प्रगति स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 'प्रगति 2026 बाल उत्सव' का आयोजन वाराणसी पब्लिक स्कूल केराकतपुर वाराणसी में सोमवार को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि उमेश कुमार शुक्ला उपनिदेशक/प्राचार्य, डाइट सारनाथ द्वारा शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के संयोजक हेमंत राव, सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) मंडल वाराणसी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

## ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के लिए किया गया जागरूक




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ब्रेस्ट स्क्रीनिंग अभियान के तहत एस एस पी जी मंडलीय जिला चिकित्सालय कबीरचौरा में सोमवार को नमो शक्ति रथ के अंतर्गत एक ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इसमें 28 महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई है और बड़ी संख्या में महिलाओं, मरीजों के परिजन, चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग संवर्ग के स्टाफ उपस्थित रहे उनको ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूक किया गया। यह जांच आईटीवी फाउंडेशन संस्था, नई दिल्ली, की तरफ जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन के अनुसार की जा रही है।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने किया सांसद विकास निधि से होने वाले कार्य का शिलान्यास




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांसद विकास निधि से कैंट विधानसभा के लल्लापुरा कलॉ वार्ड संख्या 92 में हनुमान मन्दिर से लेकर म.संख्या सी 15/255 अहमद के मकान तक इण्टरलॉकिंग/ चौका रीसेटिंग कार्य का का शिलान्यास सोमवार को महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने भूमि पूजन के साथ किया। कार्य की लंबाई 65.00 मीटर लागत 2.03 लाख कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड वाराणसी है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, अचल कुमार श्रीवास्तव, सन्नी मौर्य, अन्नू जायसवाल संदीप प्रजापति, राहुल जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, चंद्रशेखर उपाध्याय, अवधेश राय, संजय कुमार, अखिलेंद्र प्रताप सिंह, राकेश जायसवाल, अनिल उपाध्याय, योगेश वर्मा, अजय गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, मधुप सिंह, अशोक कुमार पाण्डेय, प्रमील पाण्डेय उपस्थित रहे।

## बीएचयू में हीमैटोलॉजी का महाकुंभ 20फर. से

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश हीमैटोलॉजी ग्रुप का तृतीय वार्षिक सम्मेलन UPHGCON 2026 20 से 22 फरवरी तक एन. उदुपा ऑडिटोरियम, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, बीएचयू में आयोजित किया जाएगा। आयोजन अध्यक्ष प्रो. विजय तिलक तथा आयोजन सचिव डॉ. दीपा रानी हैं।




## दुकानों के किराये की वसूली पर भी निगम सख्त, विशेश्वरगंज में सील कर दी गयी दुकान




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम ने राजस्व वसूली को लेकर सख्त है। गृहकर और जलकर के साथ-साथ दुकानों के किराये की वसूली के लिए भी निगम की टीमें सक्रिय हो गई हैं। वसूली के लिए दुकानदारों को नोटिस देने के साथ ही अब तालाबंदी की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इस क्रम में सोमवार को निगम ने विशेश्वरगंज में संजय कुमार, सुशील कुमार के नाम से आवंटित दुकान सील का दिया। इस दुकान पर लंबे समय 81,687 रुपए किराया बाकी है।

## यूबीआई की संवाददाताओं के लिए वार्षिक समीक्षा बैठक

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 16 फरवरी, 2026को वाराणसी में अपने बैंक की दोकॉर्पोरेट गृह-पत्रिकाएं- यूनियन धारा और यूनियन सृजन के संवाददाताओं हेतु वार्षिक समीक्षा बैठक सह सम्मेलन आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री आशीष पाण्डेय, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा की गई।

# सपनों को धरातल पर उतार दिया

### ● विधायक ने प्रदेश सरकार के बजट को बताया ऐतिहासिक




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विधायक वाराणसी कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट के समर्थन में बोलते हुए कहा कि 'उत्तर प्रदेश सरकार का यह बजट केवल आंकड़ों और योजनाओं का दस्तावेज नहीं है, बल्कि 25 करोड़ प्रदेशवासियों के सपनों, विश्वास और भविष्य की दिशा तय करने वाला मार्गदर्शक है। यह बजट विकास, समावेशन, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता के सिद्धांतों पर आधारित है। यह प्रदेश के समग्र विकास को समर्पित है। उत्तर प्रदेश आज देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह बजट एक सशक्त कदम है। 9 लाख करोड़ के इस बजट में उत्तरप्रदेश की असाधारण क्षमता स्पष्ट रूप से दिख रही है।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

# पुराने Headphones फेंके नहीं! इस DIY जुगाड़ से बनाएं Mic, स्पीकर जैसे 5 Smart Gadgets



खराब हो चुके पुराने हेडफोन को फेंकने की बजाय कुछ आसान DIY हैक्स से स्मार्ट गैजेट में बदला जा सकता है। इन जुगाड़ से आप घर के लिए मिनी डेस्क स्पीकर बना सकते हैं या कंटेंट क्रिएशन के लिए इसे कॉलर माइक की तरह इस्तेमाल कर ऑडियो क्वालिटी सुधार सकते हैं। कुछ लोग हेडफोन के एक साइड की आवाज बंद होने पर उस कबाड़ की तरह पटक देते हैं। हालांकि, टेक्निकल तौर पर हेडफोन के भीतर के कंपोनेंट्स काफी लंबे समय तक चलते हैं। यदि जरा से भी क्रिएटिव हैं, तो ये ई-वेस्ट आपके पैसे बचा सकता है और आप डेली लाइफ के कामों को आसान बना सकता है। आइए आपको बताते कैसे आप इसको जबरदस्त बना सकते हैं।

**वर्कस्टेशन के लिए बनाएं मिनी डेस्क स्पीकर**

अगर आपके हेडफोन के स्पीकर अभी भी सही से काम कर रहे हैं, तो आप उन्हें अलग करके किसी स्टैंड पर लगाकर छोटा डेस्क स्पीकर बना सकते हैं। यह कम जगह में आसानी से फिट हो जाता है और ऐसी जगहों के लिए अच्छा विकल्प है जहां ज्यादा तेज आवाज की जरूरत नहीं होती, जैसे ऑफिस की टेबल या बेड के पास रखा नाइटस्टैंड।

**कंटेंट क्रिएशन के लिए सीक्रेट माइक**

आज के समय में कई लोग रील और पॉडकास्ट बनाने में रुचि ले रहे हैं। ऐसे में अच्छी ऑडियो क्वालिटी के लिए माइक का होना जरूरी माना जाता है। यदि आपके हेडफोन के स्पीकर खराब हो गए हैं लेकिन उसका माइक अभी भी ठीक से काम कर रहा है, तो उसे बेकार समझकर फेंकें नहीं। हेडफोन में लगा माइक आमतौर पर काफी संवेदनशील होता है। आप इसे लैवेलियर या कॉलर माइक की तरह उपयोग कर सकते हैं और बिना अतिरिक्त खर्च किए अपनी रिकॉर्डिंग की आवाज को बेहतर बना सकते हैं।

**हेलमेट में फिट करें अपना पर्सनल ऑडियो सिस्टम**

साइकिल चलाने वालों या बाइकर्स के लिए यह सबसे बेहतरीन टिप है। आप अपने पुराने हेडफोन के स्पीकर निकालकर उन्हें हेलमेट की अंदरूनी पैडिंग में सेट कर सकते हैं। ऐसा करने से सफर के दौरान आप नेविगेशन की दिशा-निर्देश और हल्का संगीत आसानी से सुन सकेंगे। खास बात यह है कि इससे आपके कान पूरी तरह बंद नहीं होते, इसलिए सड़क की आवाजें और ट्रैफिक का शोर भी सुनाई देता रहता है जिससे सतर्कता और सुरक्षा बनी रहती है।

**बच्चों के लिए प्रैक्टिस गियर**

यदि आपके घर में बच्चे हैं जो ऑनलाइन क्लासेस लेत हैं या फिर गेम खेलते हैं, उनके लिए महंगे हेडफोन छोड़कर रिपेयर किए हुए पुराने हेडफोन देना सबसे बेहतर है। ऐसा करने से महंगे गैजेट्स के डैमेज होने का रिस्क कम हो जाता है।

**मेडिटेशन के दौरान एकाग्रता**

यदि आप किसी की आवाज सुनकर ध्यान लगा रहे हैं, तो पुराने हेडफोन की हल्की और सॉफ्ट आवाज आपको एक सूथिंग (Soothing) अहसास दिलाती है, जैसे कोई धीमी आवाज में आपके पास बात कर रहा है। इसके अतिरिक्त आर हल्की आवाज पर बाइन्यूरल बीट्स (Binaural Beats) सुनने से दिमाग की नसों को रिलैक्स मिलता है।



# Cyber Alert! कहीं आपका Bank Account न हो जाए खाली, Phone में तुरंत बदलें ये 5 Security Settings

**अपने स्मार्टफोन को हैकर्स से बचाने और बैंक खाते को सुरक्षित रखने के लिए एक 'डिजिटल हेल्थ चेकअप' करें, जिसमें ईमेल लीक की जांच, आधार बायोमेट्रिक लॉक, और व्हाट्सएप की सुरक्षा जैसी 5 जरूरी सेटिंग्स को बदलना शामिल है। इन सेटिंग्स को ठीक करके आप बड़े ऑनलाइन फ्रॉड और डेटा चोरी के खतरे से बच सकते हैं।**

क्या आप जानते हैं कि आपका फोन भी बीमार हो सकता है, कभी सोचा है? यदि आपको फोन की जरुरत है तो सुरक्षा सेटिंग्स ऑन न हो या फिर उन्हें चेक न किया जाए तो हैकर्स को आपका फोन एक बीमार शख्स जैसा ही लगता है। गौरतलब है कि ऐसे फोन पर अटैक करना या उसमें घुस कर डेटा और बैंक बैलेंस उडा लेना, हैकर्स के लिए बाएं हाथ का खेल हो जाता है। इसलिए यह काफी जरुरी है कि आप तुरंत डिजिटल हेल्थ चेकअप करें। इस चेकअप में आप अपने फोन की इन जरुरी 5 सेटिंग्स को चेक करें, जिससे हैकर्स आपके फोन को तंदरुस्त इंसान की तरह लगे और तमाम हैकर्स उससे बचने में ही समझदारी समझते हैं।

**क्या है डिजिटल हेल्थ चेकअप**

जैसे कि हम अपने शरीर की खामियों जानने के लिए हेल्थ चेकअप करवाते हैं, उसी तरह से डिजिटल हेल्थ चेकअप से हमें हमारे फोन और डिजिटल लाइफ की तमाम खामियों का पता चलता है। इन खामियों को सुधारा न जाए, तो हमारा फोन और डिजिटल लाइफ हैकर्स के अटैक का शिकार हो सकता है। जिस वजह से डिजिटल हेल्थ चेकअप आपके डेटा और बैंक बैलेंस के नुकसान से आपको बचाएगा।

**ईमेल आईडी चेक करें**

फोन की हेल्थ चेकअप के लिए पहले स्टेज पर अपनी ईमेल आईडी की जांच करें। इसके लिए आप सबसे पहले haveibeen-pwned.com पर जाएं और अपना ईमेल आईडी डालकर चेक करें कि वह किसी डेटा लीक में शामिल था या नहीं। यदि आपका ईमेल किसी लीक में शामिल है, तो तुरंत पासवर्ड को चेंज कर दें। फिर आप ईमेल के लिए 2 स्टेप वेरिफिकेशन को ऑन कर लें और वेरिफिकेशन के तरीके के तौर पर OTP की जगह Google Authenticator ऐप को सेट करें।

**आधार बायोमैट्रिक डेटा लॉक करें**

अक्सर होता है कि फ्रॉड आधार के जरिए भी हो जाते हैं और हैकर्स की नजर लोगों के आधार बायोमेट्रिक डेटा पर भी रहती है। इसलिए आप अपने आधार का बायोमेट्रिक डेटा लॉक कर दें। इसके लिए आपको नई आधार ऐप डाउनलोड करनी होगी। जब आप ऐप में लॉगइन करेंगे तो होम पेज पर ही अपने आधार QR कोड के नीचे आपको Biometric Lock का ऑप्शन देखने को मिल जाएगा। वहां से आप अपने बायोमेट्रिक डेटा को लॉक कर पाएंगे।

**WhatsApp की सुरक्षा**

डिजिटल हेल्थ चेकअप के चौथे चरण में अपने WhatsApp की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। सबसे पहले टू-स्टेप वेरिफिकेशन को सक्रिय रखें ताकि आपका अकाउंट अधिक सुरक्षित रहे। समय-समय पर WhatsApp को अपडेट करते रहें क्योंकि नए अपडेट में सुरक्षा सुधार शामिल होते हैं। किसी भी अनजान नंबर से आए संदेशों का जवाब देने से बचें, उन्हें पूरी चैट सहित हटा दें और तुरंत रिपोर्ट भी करें। इससे आप ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर खतरे से सुरक्षित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, Linked अन्मे पर जाकर देखें कि किसी अनजान डिवाइस से आपका WhatsApp लिंक तो नहीं है। ऐसा हो, तो अनजान डिवाइस को हटा दें।


**अपने नाम पर जारी सिम चेक करें**

डिजिटल हेल्थ चेकअप के दूसरे स्टेज में आपको चेक करना चाहिए कि आपके नाम पर कितनी सिम एक्टिव होंगी। आपके नाम पर जा-री फेक सिम आपको कई तरीके से नुकसान पहुंचा सकती है। इस तरह के नंबर्स का यूज देश के विरोधी गतिविधियों में हो सकता है या फिर इनके जरिए आपके नाम पर कई तरह के फ्रॉड किए जा रहे हैं। इसके लिए आप san-charsaathi. gov.in पर जाकर Know Your Mobile Connection पर क्लिक करें। इसके बाद अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी से वेरिफाई करें और जिस नंबर या सिम को आप न पहचान पाएं, उसको तुरंत रिपोर्ट कर दें।

**फोन को APK प्रूफ बनाएं**

डिजिटल हेल्थ चेकअप के पांचवे स्टेज में जरुरी है कि आप अपने फोन को APK प्रूफ बना लें। हैकर्स के फोन में APK फाइल इंस्टॉल करवाकर उनके फोन का एक्सेस पा लेते हैं। ऐसे में फोन की सेटिंग्स में जाकर Unknown Source को बंद कर दें। इस तरीके से आप ये सेटिंग बंद करेंगे, तो आपके फोन में प्ले स्टोर के अलावा साइडलोडिंग के जरिए ऐप को इंस्टॉल नहीं कर सकते हैं।

# 99% लोग नहीं जानते USB Type-C के ये सीक्रेट फीचर्स



USB Type-C पोर्ट आपके स्मार्टफोन को एक मिनी कंप्यूटर में बदल सकता है। इस पोर्ट की मदद से आप फोन में कीबोर्ड, माउस, पेन ड्राइव या अन्य एक्स्टर्नल डिवाइस कनेक्ट कर सकते हैं। USB या ब्लूटूथ डोंगल के जरिए कीबोर्ड और माउस जोड़कर लंबे ई-मेल लिखना, डॉक्यूमेंट एडिट करना या प्रेजेंटेशन तैयार करना काफी आसान हो जाता है। आज के स्मार्टफोन में USB Type-C पोर्ट लगभग स्टैंडर्ड बन चुका है। ज्यादातर लोग इसे सिर्फ चार्जिंग या कभी-कभार डेटा केबल लगाने तक ही सीमित मानते हैं, जबकि हकीकत इससे कहीं ज्यादा है। USB Type-C पोर्ट सिर्फ एक चार्जिंग स्लॉट नहीं, बल्कि एक मल्टी-टास्कि-ंगटेक्नोलॉजी है, जो आपके फोन को ज्यादा पावरफुल और स्मार्ट बना देती है। हैरानी की बात यह है कि इसके कई बेहतरीन फीचर्स ऐसे हैं, जिनके बारे में अधिकतर यूजर्स को जानकारी ही नहीं होती। आइए जानते हैं USB Type-C पोर्ट के 5 ऐसे बड़े फायदे, जो मुश्किल वक्त में भी आपके बहुत काम आ सकते हैं।

**1. फोन बन सकता है पावर बैंक**

यह सुनने में थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन कई आधुनिक स्मार्टफोन USB Type-C पोर्ट के जरिए रिवर्स चार्जिंग सपोर्ट करते हैं। इसका मतलब यह है कि आपका फोन सिर्फ खुद चार्ज नहीं होता, बल्कि जरूरत पड़ने पर किसी दूसरे डिवाइस को भी चार्ज कर सकता है। Type-C to Type-C केबल की मदद से आप अपने फोन से वायरलेस ईयरबड्स, स्मार्टवॉच, फिटनेस बैंड या यहां तक कि किसी दूसरे स्मार्टफोन को भी थोड़ी देर के लिए चार्ज कर सकते हैं। जब पावर बैंक पास न हो और सामने वाले डिवाइस की बैटरी बिल्कुल खत्म होने वाली हो, तब यह फीचर किसी लाइफसेवर से कम नहीं है।

**2. बिना इंटरनेट के फास्ट डेटा ट्रांसफर**

आजकल Quick Share, NeaRy Share या AirDrop जैसे वायरलेस ऑप्शन काफी लोकप्रिय हैं, लेकिन बड़े वीडियो, फोटो या हैवी फाइल ट्रांसफर में ये अक्सर धीमे साबित होते हैं। खासकर तब, जब इंटरनेट या वाई-फाई कनेक्शन कमजोर हो। USB Type-C पोर्ट की मदद से दो स्मार्टफोन को सीधे केबल से जोड़कर डेटा ट्रांसफर किया जा सकता है। इसमें एक फोन दूसरे फोन की स्टोरेज को एक्सेस कर लेता है, जिससे फाइलें बेहद तेज और भरोसेमंद तरीके से कॉपी होती हैं। बड़े साइज की फाइलों के लिए आज भी यह तरीका सबसे सुरक्षित और फास्ट माना जाता है।

**3. फोन को बना सकते हैं मिनी कंप्यूटर**

USB Type-C पोर्ट आपके स्मार्टफोन को एक मिनी कंप्यूटर में बदल सकता है। इस पोर्ट की मदद से आप फोन में कीबोर्ड, माउस, पेन ड्राइव या अन्य एक्स्टर्नल डिवाइस कनेक्ट कर सकते हैं। ळऐँ या ब्लूटूथ डोंगल के जरिए कीबोर्ड और माउस जोड़कर लंबे ई-मेल लिखना, डॉक्यूमेंट एडिट करना या प्रेजेंटेशन तैयार करना काफी आसान हो जाता है। अगर कभी फोन की स्क्रीन खराब हो जाए, तब भी माउस की मदद से फोन ऑपरेट किया जा सकता है। इतना ही नहीं, कुछ फ्लैगशिप स्मार्टफोन एक्सटर्नल डिस्प्ले से कनेक्ट होने पर डेस्कटॉप जैसा इंटरफेस भी ऑफर करते हैं, जिससे काम करने का अनुभव और बेहतर हो जाता है।

**4. बड़ी स्क्रीन पर देखें फिल्में और सीरीज**

USB Type-C पोर्ट सिर्फ डेटा और चार्जिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वीडियो आउटपुट भी सपोर्ट करता है। HDMI to Type-C केबल की मदद से आप अपने फोन को सीधे टीवी या मॉनिटर से कनेक्ट कर सकते हैं। इससे फोन की स्क्रीन बड़ी स्क्रीन पर मिरर हो जाती है और आप डाउनलोड की गई फिल्में, वेब सीरीज या वीडियो बिना किसी कास्टिंग डिवाइस या एप के देख सकते हैं। यह फीचर खासतौर पर ट्रैवल के दौरान या उन जगहों पर बहुत काम आता है, जहां स्मार्ट टीवी या तेज इंटरनेट की सुविधा नहीं होती।

**5. वायर्ड ईयरबड्स से बेहतर ऑडियो अनुभव**

भले ही आजकल ज्यादातर स्मार्टफोन से 3.5mm हेडफोन जैक हटाया जा चुका हो, लेकिन वायर्ड ऑडियो पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अब यह सुविधा USB Type-C पोर्ट के जरिए मिलती है। Type-C ईयरबड्स या Type-C to 3.5mm एडॉप्टर की मदद से आप वायर्ड हेडफोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। वायर्ड ऑडियो में कम लेटेंसी और बेहतर साउंड क्वालिटी मिलती है, जिसकी वजह से गेमर्स और म्यूजिक लवर्स आज भी इसे ज्यादा पसंद करते हैं। खासकर गेम खेलते समय ऑडियो लैग न होना एक बड़ा फायदा है।

लोग इन फीचर्स को क्यों


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज. वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप



मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
